Mr. Vedprakash Mrs. Guddi Devi Vedprakash Milk Dairy (Prospect No IL10728498)	All that piece and parcel of the Property Patta No 26, Admeasuring Area 2773, Gram Sardarpura, Suratgarh, Shriganganagar, Rajasthan 335804 Area Admeasuring (In Sq. Ft.): Property Type: Land_Area, Built_Up_Area Property Area: 2800.00, 460.00	**Rs. 216652.4/-** Rupees Two Lakh Sixteen Thousand Six Hundred And Fifty Two & Forty Paise Only	05-01-2026	28-10-2026
Mr. Badri Mrs. Roshan Devi Dairy Milk Work (Prospect No IL10815856)	All that piece and parcel of the Property Khasra No. 982, Area Adm. 1200 Sq Ft, Village-Khohri, Tehsil- Bansur, District-Kotputali-Bahrood, Rajasthan 301402 Area Adm. (In Sq. Ft.): Property Type: Land_Area, Built_Up_Area Property Area: 1200.00, 721.00	**Rs. 488598.28/-** Rupees Four Lakh Eighty Eight Thousand Five Hundred And Ninety Eight & Twenty Eight Paise	05-01-2026	28-10-2026

The borrower/guarantor(s)/mortgagor(s) in particular and the public in general are hereby cautioned that Arcil is in lawful possession of the Immovable Property mentioned above and under Section 13(13) of the SARFAESI Act, 2002, the borrower/ guarantor(s)/mortgagor(s) or any person whatsoever, shall after receipt of this notice not transfer by way of sale, lease or otherwise deal with/ alienate the Immovable Property, without prior written consent of Arcil and any dealings with the Immovable Property will be subject to the charge of Arcil for the amount as mentioned above along with future interest at the contractual rate on the aforesaid amount together with incidental expenses, cost, charges etc.
The borrowers'/guarantors'/mortgagors' attention is invited to the provisions of the Sub-Section (8) of Section 13 of the said Act, in respect of time available to redeem the above mentioned Immovable Property.

Place: Jaipur, Date: 31-10-2026 **Sd/- Authorised Officer, Asset Reconstruction Company (India) Ltd (In capacity as Trustee)**

ASSET RECONSTRUCTION COMPANY (INDIA) LTD. CIN No.-U65999MH2002PLC134884

Registered Office: The Ruby, 10th Floor, 29 Senapati Bapat Marg, Dadar (West), Mumbai-400028. **Tel: +91 2266581300.** Website: **www.arcil.co.in**

SATYA Micro Housing Finance Private Ltd

Regd. Office: 519, 5th Floor, DLF Prime Tower, Okhla Industrial Area, Phase - 1, New Delhi - 110020
Corporate Office: 5th Floor, SATYA Tower, Plot No. 7A, Sector 125, Noida, Uttar Pradesh - 201303

DEMAND NOTICE

NOTICE UNDER SECTION 13 (2) OF THE SECURITISATION AND RECONSTRUCTION OF FINANCIAL ASSETS AND ENFORCEMENT OF SECURITY INTEREST ACT, 2002

NOTICE is hereby given that the following borrower/s who have availed from **SATYA MICRO Housing Finance Private Limited (SMHFPL)** have failed to pay Equated Monthly Installments (EMIs) of their loan to **SMHFPL** and that their loan account has been classified as Non-performing Asset as per the guidelines issued by National Housing Bank. The borrower(s) have provided security of the immovable property/ies to **SMHFPL**, the details of which are described herein below. The details of the loan and the amounts outstanding and payable by the borrower/s to **SMHFPL** as on date are also indicated here below. The borrower(s) as well as the public in general are hereby informed that the undersigned being the Authorized Officer of **SMHFPL**, the secured creditor has initiated action against the following borrower(s) under the provisions of the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and enforcement of Security Interest Act, 2002 (the SARFEASI Act). If the following borrower(S) fail to repay the outstanding dues indicated against their names within 60 (Sixty) days of this notice, the undersigned will exercise any one or more of the powers conferred on the Secured Creditor under sub-section (4) of Section 13 of SARFAESI Act, including power to take possession of the property/ies and sell the same. The public in general is advised not to deal with property/ies described here below.

Sr. No.	Name of the Borrower(s)/ Co-Borrower (s)/ Loan A/c No. / Branch	Demand Notice Date & Amount	Description of secured assets(s) (Immovable property/ies)
1.	HLNLAPBPR0005785 / Branch : Bharatpur **1. REENA KUMARI** **2. KRISHN MURARI** **3. GIREESH KUMAR** ADD1: **59 BRAHMAN MOHALLLA BANJI BHONT BHARATPUR RAJASTHAN INDIA 321303** ADD2: **BANJI BHONT BHARATPUR RAJASTHAN INDIA 321303** ADD3: **GRAM BANJI BHONT BHARATPUR RAJASTHAN INDIA-321303**	**17-10-2026 & ₹ 5,73,336/-**	All that part and parcel of the property bearing Property Address: Patta No 33, Book No 11, Gram- Banji, Gram Panchayat- Ekta, Panchayat Samiti- Sewar Distt- Bharatpur, Rajasthan 321303, Boundaries: North-Mr. Tikendra, Guman Singh, South- Road, East-Mr. Lakhan Lal, West-Mr. Vishnu, Bapu Sharma

Place: Rajasthan
Date: 31.10.2026

Sd/- Authorised Officer,
SATYA MICRO Housing Finance Private Limited

SALUTE THE SOLDIER

21ST HONOUR TITLE DAY: 141 FIELD REGIMENT (KARGIL)

Capt PV Vikram, SM (24 Oct 73 – 02 Jun 99)

Gnr (DMD) Jogal Ramesh (01 Jun 80 – 06 Jul 99)

On the occasion of 21st Honour Title Day of 141 Field Regiment (KARGIL) on 31 Oct 2026, the Commanding Officer, all ranks, their families and the Buzurgs of the paltan pay homage to the martyrs who have made the supreme sacrifice for the Nation during 'OP VIJAY'. Their valour & heroism continues to inspire all of us. All ranks of 'TEAM KARGIL VICTORS' pray to ALMIGHTY to grant eternal peace to the departed souls. We also pledge to take the name of the unit to even greater heights and glory in the times to come.

CO & All Ranks 141 Field Regiment (KARGIL)

BORDER SECURITY FORCE

HEAD CONSTABLE PRATAP SINGH 59 BN BSF 19.05.1946 – 31.10.1995

CONSTABLE/DVR MATHU KUTTY 59 BN BSF 08.05.1966 – 31.10.1995

CONSTABLE ARJUN KUMAR 59 BN BSF 18.09.1965 – 31.10.1995

Director General and all Ranks of Border Security Force remember its gallant Jawans, Head Constable Pratap Singh and Constables Mathu Kutty & Arjun Kumar on their Balidan Diwas. On this day, they sustained fatal bullet injuries while fighting militants in Milan Bazar area, Assam and made ultimate sacrifice in the line of duty.

CONSTABLE UMKESHWAR KADU 141 BN BSF 18.05.1976 – 31.10.2003

Director General and all Ranks of Border Security Force remember its gallant Jawan Constable Umkeshwar Kadu on his Balidan Diwas. On this day, he sustained fatal bullet injuries while fighting militants in Rajouri area, J&K and made ultimate sacrifice in the line of duty.

CONSTABLE RAM CHANDER SINGH, PPMG 54 BN BSF 12.05.1956 – 31.10.1987

Director General and all Ranks of Border Security Force remember its gallant Jawan Constable Ram Chander Singh on his Balidan Diwas. On this day, he sustained fatal bullet injuries while fighting militants in Gurdaspur area, Punjab and made ultimate sacrifice in the line of duty. His sacrifice and gallant action have been aptly recognized by GOI by awarding him with PPMG (Posthumously).

CENTRAL RESERVE POLICE FORCE

Veer Balidani Constable B. D. Bante 30 Bn 22-2-1963 To 31-10-1987

Veer Balidani Constable Rayan Bungera 30 Bn 5-7-1945 To 31-10-1987

DG and all Ranks of #CRPF pay solemn tribute to two valiant troopers of 30 Bn, who made the supreme sacrifice while valiantly countering an ambush by terrorists in dist. Kapurthala, Punjab, on 31 October 1987. CRPF salutes the bravehearts and pledges never to let their sacrifice go in vain.

Veer Balidani Naik Amarjit Singh 74 Bn 18-9-1949 To 31-10-1991

DG and all Ranks of #CRPF pay solemn tribute to Naik Amarjit Singh of 74 BN, who made the supreme sacrifice while valiantly countering terrorists during an ambush in J&K, on 31 October 1991. CRPF salutes the braveheart and pledges never to let his sacrifice go in vain.

Veer Balidani Constable Daljeet Singh 111 Bn 25-4-1969 To 31-10-1994

DG and all Ranks of #CRPF pay solemn tribute to Constable Daljeet Singh of 111 Battalion, who made the supreme sacrifice after sustaining grievous injuries while valiantly countering insurgents in dist. Nalbari, Assam, on 31 October 1994. CRPF salutes the braveheart and pledges never to let his sacrifice go in vain.

Veer Balidani Constable S. G. Lemle 64 Bn 8-8-1973 To 31-10-2001

DG and all Ranks of #CRPF pay solemn tribute to Constable S. G. Lemle of 64 BN, who made the supreme sacrifice after sustaining grievous injuries while valiantly confronting insurgents in Guwahati, Assam, on 31 October 2001. CRPF salutes the braveheart and pledges never to let his sacrifice go in vain.



Veer Balidani Shri V. T. Mathew Second in Command 140 Bn 9-5-1963 To 31-10-2003

DG and all Ranks of #CRPF pay solemn tribute to Shri V. T. Mathew, Second-in-Command of 140 BN, who made the supreme sacrifice on 31st October 2003 after sustaining grievous injuries while valiantly leading his troops in a fierce counter-attack against an ambush by Maoists in dist. Narayanpur, Chhattisgarh, on 28 October 2003. CRPF salutes the braveheart and pledges never to let his sacrifice go in vain.

The Andhra Pradesh Mineral Development Corporation Limited

Door No. 294/1D, 100 feet Road (Tadigadapa to Enikepadu Road), Kanuru, Vijayawada-521137, Andhra Pradesh, India
Tel: +91-866-2429999 Fax: +91-866-2429977 Email: contracts-ho@apmdc.in

NOTICE INVITING TENDER

Tender No: APMDC/Post-Auction Coal Dispatch Management System-SCM/2026-27, Date. 31.10.2026

APMDC invites E-tender from reputed Agencies for **"Selection Of Agency For Implementation, Operation And Maintenance Of Post-Auction Coal Dispatch Management System At Suliyari Coal Project, Singrauli District, Madhya Pradesh."** For more information on the eligibility criteria, tender fees, timelines and other details, please visit e-procurement website of GoAP (**www.tender.apeprocurement.gov.in**) or APMDC website (**www.apmdc.ap.gov.in**). The Tender document is available for downloading from **31.10.2026** and the last date for bid submission is 17.11.2026 by 17:00 Hrs.

Sd/-
Managing Director
The A. P. Mineral Development Corporation Limited

Place: Vijayawada
Date: 31.10.2026
R.O. No. 5533PP/CL/ADVT/1/1/2021-22 Dt.: 30.10.2026

KARNATAKA POWER CORPORATION LIMITED

CIN : U85110KA1970SGC001919

Bid No. GEM/2026/B/8211935 Date: 29.10.2026

NOTICE INVITING TENDER Through GeM Portal (Two Cover System)

Comprehensive Mega Risk Insurance Cover for Yermarus Thermal Power Station (YTPS)- UNITS 1 & 2 (800 MW Each), and common assets for the policy year 2026-27, covering all risks, Machinery Breakdown, Business Interruption including loss of profit arising from insured all risk and Machinery Breakdown Events, Applicable add-on Covers, and Terrorism Risk. The last date for uploading of the completed bids is **17.00 hrs. on 09.11.2026.** The tender document can be downloaded from the website **https://www.gem.gov.in** Further details can be had from **General Manager (Finance)** Karnataka Power Corporation Limited. No. 82, Shakti Bhavan, Race Course Road, Bengaluru-560001. e-Mail: **gmfkpcl@gmail.com** Website: **https//kpcl.karnataka.gov.in**

Bangalore Electricity Supply Company Limited

(Wholly owned by Govt. of Karnataka undertaking)
(CIN-U04010KA2002SGC030438)

NOTIFICATION INVITING TENDER (Through KPP Portal)

BESCOM invites tender through KPP Portal from eligible bidders against Tender No: **BESCOM/2026-27/SE0505, Dated: 30.10.2026** for Providing Human resource service (Graduate Engineers and Diploma Engineers) for carrying out DAS operations at both BESCOM Integrated Control Centre's (BICC-1, HSR Layout & BICC-2 Rajajinagar). Availability of Bid document: **On or after 05.11.2026.**

The detailed notification can be obtained from the Website: **https://kppp.karnataka.gov.in.** Further details can be obtained from the office of the undersigned.

Sd/- General Manager (DAS), BICC-1,17th Cross, 24th Main, HSR Layout, 2nd Sector, Bengaluru-560102.

For Electricity related complaints call : 1912
Download BESCOM Mithra Mobile APP.

संक्षिप्त समाचार

सीएमएचओ डॉ. अशोक आदित्य के आतिथ्य में प्रभुजनों को बांटी खाद्य सामग्री और कंबल

उदयपुर, (पुकार)। द टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा फेस्टिवल डेलीगेट के तहत प्रेरणादायक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. अशोक आदित्य के मुख्य आतिथ्य में हुए इस कार्यक्रम के दौरान अपना घर आश्रम में निवासरत प्रभुजनों की सेवा के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री और कंबल भेंट किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए द टाइम्स ऑफ इंडिया के उदयपुर हेड सुदर्शन यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा और इसके मानवीय उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं, आश्रम के अध्यक्ष गोपाल कनेरिया ने आश्रम की व्यवस्थाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अपना घर आश्रम, उदयपुर द्वारा अब तक उदयपुर संभाग से लावारिस, असहाय और बेसहारा अवस्था में मिले 433 प्रभुजनों का रेस्क्यू किया जा चुका है। इन्हें सेवा, उपचार और पुनर्वास के उद्देश्य से आश्रम में आश्रय दिया गया है, जिनमें से बेहतर देखभाल के बाद 122 प्रभुजनों को उनके परिजनों से सकुशल मिलाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आश्रम में प्रभुजनों को पारिवारिक माहौल देते हुए उनके स्वास्थ्य और सम्मान का विशेष ख्याल रखा जाता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. अशोक आदित्य ने आश्रम द्वारा लावारिस और असहाय लोगों के लिए किए जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे नर सेवा नारायण सेवा का एक श्रेष्ठ उदाहरण बताया। कार्यक्रम के अंत में आश्रम के संरक्षक सुरेश विजयवर्गीय और अध्यक्ष गोपाल कनेरिया ने मुख्य अतिथि डॉ. अशोक आदित्य का तिलक लगाकर, उपरना ओढ़ाकर, आश्रम साहित्य और स्मृति चिह्न भेंट कर उनका पारंपरिक स्वागत एवं सम्मान किया। इस मानवीय और सेवाभावी कार्यक्रम में आश्रम की ओर से सदस्य मंजू शर्मा और विनोद चौहान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय स्तर की उदयपुर सौर भौतिकी बैठक का समापन

उदयपुर, (पुकार)। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) के उदयपुर सौर वेधशाला (यूएसओ) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की उदयपुर सौर भौतिकी बैठक (उदयपुर सोलर फिजिक्स मीटिंग) 2026 का शुक्रवार को उदयपुर में समापन हुआ। बैठक में देशभर से लगभग 75 वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान सौर भौतिकी एवं अंतरिक्ष मौसम के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम वैज्ञानिक अनुसंधानों, महत्वपूर्ण उपलब्धियों तथा भविष्य की शोध संभावनाओं पर चर्चा की गई।बैठक के अंतिम दिन का प्रमुख आकर्षण भारत के प्रथम अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला-स्तरीय मिशन आदित्य-एल1 से प्राप्त नवीन वैज्ञानिक परिणामों पर केंद्रित विशेष सत्र रहा। इस सत्र की अध्यक्षता पीआरएल के निदेशक प्रो. अनिल भारद्वाज ने की। आदित्य-एल1 में कुल सात वैज्ञानिक पेलोड हैं, जिनमें चार रिमोट सेंसिंग उपकरण सूर्य का विभिन्न तरंगदैर्घ्यों पर अवलोकन करते हैं, जबकि तीन इन-सिटू उपकरण सौर पवन एवं पृथ्वी के निकटवर्ती अंतरिक्ष क्षेत्र में अंतरिक्ष मौसम का अध्ययन करते हैं। इस मिशन से प्राप्त अवलोकनों के माध्यम से सौर ज्वालाओं, कोरोनल मास इजेक्शन तथा सौर पवन की उत्पत्ति एवं विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक निष्कर्ष सामने आए हैं।

दिन का दूसरा सत्र अंतरिक्ष मौसम विषय पर केंद्रित था, जिसकी अध्यक्षता पीआरएल के डीन प्रो. डी. पल्लमराजू ने की। इस सत्र में वैज्ञानिकों ने सौर गतिविधियों, अंतरग्रहीय अंतरिक्ष में उनके प्रसार तथा पृथ्वी के निकटवर्ती वातावरण पर उनके प्रभावों से संबंधित नवीनतम शोध परिणाम प्रस्तुत किए।अंतिम दिन के वैज्ञानिक सत्रों में कुल 16 वक्ताओं ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। प्रस्तुतियों के बाद विभिन्न वैज्ञानिक विषयों एवं उभरती शोध चुनौतियों पर विचार-विमर्श भी हुआ।

पंचकल्याणक महोत्सव में पात्र चयन होना अनेक जन्मों के पुण्य का फल

उदयपुर, (पुकार)। शहर के सेक्टर-11 स्थित आदिनाथ भवन में विराजित श्रुतसंवेगी मुनिश्री आदित्यसागर जी महाराज ने प्रातकालीन धर्मसभा को संबोधित करते हुए पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के आध्यात्मिक महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। मुनिश्री ने कहा कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होना ही अपने आप में परम सौभाग्य का विषय है और इस महोत्सव में विभिन्न पात्रों के रूप में चयनित होना उससे भी बड़ा गौरव है। यह दुर्लभ अवसर हर किसी को प्राप्त नहीं होता, बल्कि यह अनेक जन्मों के संचित पुण्य का प्रतिफल होता है।मुनिश्री ने श्रद्धालुओं के उस आम प्रश्न का उत्तर दिया जिसमें अक्सर यह पूछा जाता है कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव किसका होता है और इसमें धन क्यों व्यय किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह महोत्सव उन तीर्थंकर भगवान के जीवन से जुड़ा है, जो संपूर्ण संसार के जीवों के कल्याण के लिए धरा पर अवतरित होते हैं। तीर्थंकरों का जन्म कोई साधारण घटना नहीं है, बल्कि उनके अवतरण मात्र से स्वर्ग में सौधर्म इंद्र का सिंहासन भी डोलने लगता है, देवलोक में शंखनाद होता है और दिव्य घंटियां बज उठती हैं। यह सब उनके महान पुण्य और कर्मों का परिणाम है।

केवल धन से नहीं, पुण्य से मिलता है पात्र बनने का सौभाग्य : मुनिश्री ने कहा कि पंचकल्याणक में पात्र बनना अत्यंत सौभाग्य की बात है। कई बार व्यक्ति प्रचुर धन खर्च करने की इच्छा रखने पर भी पात्र नहीं बन पाता। बोली लगाने की प्रक्रिया में नियत समय पर सफल बोली लगाने वाले का चयन होता है, और उसके बाद यदि कोई चार गुना धन भी देना चाहे, तो भी उसे वह पात्र पद नहीं मिल सकता। इससे यह सिद्ध होता है कि पात्र बनने के लिए केवल धन नहीं, बल्कि पूर्व जन्मों का पुण्य और परम सौभाग्य आवश्यक है। उन्होंने अंत में संदेश दिया कि सांसारिक उपलब्धियों के साथ-साथ धर्म, भक्ति और पुण्य संचय को भी जीवन में प्राथमिकता दें।

आलोक हिरण मगरी के स्वर्णिम 50 वर्ष पर आज होगा आयोजन 'अमृतम अनंतम आलोक'

उदयपुर, (पुकार)। शिक्षा, संस्कार और भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को समर्पित आलोक संस्थान, हिरण मगरी के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज (31 अक्टूबर, शनिवार को) 'अमृतम अनंतम आलोकम्' नाम से भव्य सांस्कृतिक समारोह आयोजित करेगा। समारोह की अध्यक्षता आलोक संस्थान के निदेशक श्री गुरु डॉ. प्रदीप कुमावत करेंगे। सायं 5:30 बजे श्रीराम स्टेडियम, आलोक हिरण मगरी सेक्टर 11 में आयोजित होने वाले इस समारोह में संस्थान के लगभग 1,000 छात्र-छात्राएँ सामूहिक रूप से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। समारोह में भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा, राष्ट्रगौरव और मूल्यपरक शिक्षा के विविध आयामों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ विभिन्न थीम शो, नृत्य, गीत, संगीत, नाट्य प्रस्तुतियाँ और भगवान श्रीकृष्ण की लीला पर आधारित आकर्षक मंचन विशेष आकर्षण होंगे। आलोक हिरण मगरी की 50 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को स्मरणीय बनाने के लिए विशेष फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसमें संस्थान के विकास, शैक्षिक गतिविधियों, सांस्कृतिक आयोजनों, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और समय के साथ हुए परिवर्तन की झलक देखने को मिलेगी।

बाल्टियों में छिपाकर कुरियर से गुजरात भेजी जा रही अवैध शराब जब्त

गोवर्धन विलास पुलिस ने हाईवे वेयरहाउस से पकड़ी पौने 3 लाख की खेप

उदयपुर, (पुकार)। शहर की गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुरियर के जरिए गुजरात भेजी जा रही पौने तीन लाख रुपये की शराब जब्त की है।

अहमदाबाद हाईवे स्थित एक नामी कुरियर कंपनी के वेयरहाउस में छापेमारी कर पुलिस ने 42 नई प्लास्टिक की बाल्टियों में छिपाकर रखे गए विभिन्न ब्रांड्स के 2386 पव्वे बरामद किए हैं। पुलिस ने कुरियर पार्सल और इसमें इस्तेमाल की गई पिकअप गाड़ी को तुरंत प्रभाव से जब्त कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

व्हाइटिंग चॉक पाउडर के नाम से बुक कराई गई थीं बाल्टियां

थानाधिकारी सुनील चारण ने जानकारी दी कि मुखबिर से मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अहमदाबाद हाईवे स्थित कुरियर वेयरहाउस पर दबिश दी थी।

जांच में सामने आया कि तस्करों ने 42 नई प्लास्टिक की बाल्टियों को श्व्हाइटिंग चॉक पाउडरश् के नाम से बुक करवाया था।

शक होने पर जब पुलिस ने पार्सल खुलवाकर बाल्टियों की जांच की, तो उनके अंदर लकड़ी का बुरादा भरा मिला, जिसके बीच में बेहद चालाकी से शराब के पव्वे छिपाए गए थे।

उदयपुर से गुजरात के जामनगर भेजी जा रही थी खेप

पूछताछ व शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह अवैध शराब उदयपुर से गुजरात के जामनगर में तस्करी कर ले जाई जा रही थी। तस्करों ने किसी को शक न हो, इसके लिए बिल्कुल नई बाल्टियों का इस्तेमाल कर विशेष पैकिंग की थी।

गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने कुरियर कंपनी से पार्सल बुक कराने वाले व्यक्तियों का विवरण जुटा लिया है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है।

गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी का हिमाचल के बद्दी में शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण

उदयपुर, (पुकार)। गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, गीतांजली विश्वविद्यालय, उदयपुर के द्वारा विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी स्थित दो अग्रणी फार्मास्युटिकल कंपनियों - यूनिकेम लेबोरेटरीज लिमिटेड एवं जाइडस लाइफसाइंसेस लिमिटेड का दौरा किया।

भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ औद्योगिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। कंपनी के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को विभिन्न विभागों जैसे उत्पादन प्रबंधन (Production Management), गुणवत्ता नियंत्रण (Quality Control), गुणवत्ता आश्वासन (Quality Assurance) एवं अनुसंधान प्रयोगशालाओं का विस्तृत भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्रों को औषधि निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया - कच्चे माल की जांच, टैबलेट एवं सिरप का फॉर्मूलेशन, ग्रैन्यूलेशन, कंप्रेशन, कोटिंग तथा स्ट्रिप पैकेजिंग तक की आधुनिक स्वचालित मशीनरी की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से दिखाया गया। साथ ही, Good Manufacturing Practices (GMP), Current Good Manufacturing Practices (cGMP) के तहत उत्पादन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और अंतरराष्ट्रीय मानकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस शैक्षणिक दौरे में फार्मेसी के कुल 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरे का सफल आयोजन एवं प्रबंधन टूर कॉर्डिनेटर्स डॉ. कल्पेश गौर, डॉ. बविता गौर, डॉ. नरेंद्र भीमराज परिहार, डॉ. चेतन मालवीय एवं श्रीमती मोनिका वर्मा द्वारा किया गया।

उदयपुर लेक सिटी राउंड टेबल 206 ने विद्यार्थियों को भेंट किए डेस्क-बेंच

उदयपुर, (पुकार)। सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उदयपुर लेक सिटी राउंड टेबल 206 (यूएलआरटी 206), राउंड टेबल इंडिया की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, उदपुरा (लूणदा) में विद्यार्थियों के लिए नए डेस्क-बेंच भेंट किए गए। इस पहल से विद्यालय के लगभग 60 विद्यार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

यह सेवा प्रकल्प वन पीडब्ल्यूएस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग एवं समर्थन से पूरा किया गया। डेस्क-बेंच उपलब्ध होने से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए सुविधाजनक वातावरण मिलेगा और उनकी शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर उदयपुर लेक सिटी राउंड टेबल 206 के चेयरमैन मोहित सिंघवी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना राउंड टेबल इंडिया की प्राथमिकताओं में शामिल है। संस्था का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करना है। कम्युनिटी सर्विस कन्वीनर आदित्य कोचर ने प्रकल्प को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए वन पीडब्ल्यूएस प्राइवेट लिमिटेड का आभार व्यक्त किया। संस्था शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से निरंतर योगदान दे रही है। विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने इस सहयोग के लिए उदयपुर लेक सिटी राउंड टेबल 206 और वन पीडब्ल्यूएस प्राइवेट लिमिटेड के प्रति आभार जताया।

दीपावली पर लेकसिटी में उमड़ेंगे पर्यटक, होटलों में 50 प्रतिशत एडवांस बुकिंग

होटल किराया 12 हजार से डेढ़ लाख रुपए तक पहुंचा, गुजरात से सबसे ज्यादा पर्यटकों के आने की उम्मीद

उदयपुर, (पुकार)। दीपावली के त्योहार पर लेकसिटी में पर्यटन कारोबार को गति मिलने लगी है। गुजरात सहित देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटकों के उदयपुर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। शहर के होटल और रिसॉर्ट में ऑनलाइन बुकिंग जारी है। होटल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के अनुसार, दीपावली के लिए अब तक करीब 50 प्रतिशत कमरों की बुकिंग हो चुकी है। पर्यटकों की ओर से लगातार पूछताछ भी की जा रही है।

होटल संस्थान दक्षिण राजस्थान के सचिव राकेश चौधरी ने बताया कि पर्यटकों के लिए होटल और रिसॉर्ट में विशेष पैकेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनमें ठहरने के साथ खान-पान की सुविधाएं भी शामिल हैं। दीपावली के दौरान होटल के ब्रांड और कमरों की श्रेणी के आधार पर किराया 12 हजार रुपए से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक है। कई पांच सितारा होटल और रिसॉर्ट में ऑनलाइन उपलब्ध कमरों की संख्या भी सीमित हो गई है।

गुजरात के पर्यटकों की रहेगी अधिक आवाजाही

दीपावली पर गुजरात से बड़ी संख्या में पर्यटक उदयपुर पहुंचते हैं। गुजरात में दीपावली पूजन के बाद कई परिवार नाथद्वारा स्थित श्रीनाथजी के दर्शन करने आते हैं। इसके साथ ही उदयपुर और कुंभलगढ़ घूमने का कार्यक्रम भी बनाते हैं। पर्यटक आमतौर पर दो से तीन दिन तक इन पर्यटन स्थलों पर समय बिताते हैं।

पर्यटन स्थलों पर बढ़ेगा यातायात दबाव : पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर यातायात व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ने की संभावना है। सहेलियों की बाड़ी, सज्जनगढ़ किला, फतहसागर, सिटी पैलेस और दूध तलाई मार्ग पर अक्सर जाम की स्थिति बनती है। दीपावली के दौरान इन मार्गों पर पर्यटकों की आवाजाही और बढ़ सकती है।

बसों का किराया भी महंगा

दीपावली पर गुजरात और महाराष्ट्र में नौकरी, व्यवसाय तथा शिक्षा के लिए रहने वाले संभाग के लोग भी घर लौटते हैं। इसके चलते ट्रेनों में अधिकांश बुकिंग हो चुकी हैं, वहीं बसों का किराया भी बढ़ गया है।

बसों में 20 नवंबर तक यात्रियों की आवाजाही अधिक रहने की संभावना है।

नाथद्वारा में आज सुबह फिर नलों में आया कीचड़ वाला पानी, पेयजल व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

पानी में बदबू नहीं, केवल मिट्टी और कीचड़, फिर भी पीने योग्य नहीं, दीपोत्सव से पहले पेयजल संकट ने बढ़ाई नगर की चिंता

नाथद्वारा, (पुकार)। श्रीनाथजी की पावन नगरी नाथद्वारा में पेयजल व्यवस्था की पोल एक बार फिर खुल गई है। आज सुबह जैसे ही वार्ड नंबर सात सिहाड गांव के निवासियों के अपने घरों के नल खोले, तो उसमें से शुद्ध जल की जगह मटमैला, मिट्टी और कीचड़ वाला पानी निकलने लगा। सबसे बड़ी बात यह है कि इस पानी में किसी प्रकार की बदबू नहीं है, लेकिन इसमें इतनी मिट्टी घुली हुई है कि यह पूरी तरह से पीने योग्य नहीं है। आज सुबह की इस घटना ने पूरे नगर में हड़कंप मचा दिया है।

दिनचर्या हुई अस्त व्यस्त : सुबह का समय हर घर में सबसे व्यस्त समय होता है। महिलाओं को खाना बनाना होता है, बच्चों को स्कूल भेजना होता है, पुरुषों को काम पर जाना होता है और सबसे महत्वपूर्ण पूजा पाठ के लिए शुद्ध जल की आवश्यकता होती है। ऐसे में नलों में कीचड़ वाला पानी आने से पूरे घर की दिनचर्या अस्त व्यस्त हो गई। लोगों ने बताया कि बाल्टी में पानी भरने के कुछ ही देर बाद नीचे मोटी मिट्टी की परत जम जा रही है। इस पानी से न तो चाय बन सकती है, न खाना बन सकता है और न ही ठाकुर जी की सेवा में इसे उपयोग में लिया जा सकता है।

श्रीजी नगरी में शुद्ध जल का महत्व : नाथद्वारा केवल एक शहर नहीं है, यह श्रीनाथजी का धाम है। यहाँ के हर घर में श्रीजी की सेवा होती है। सेवा में सबसे पहली आवश्यकता शुद्ध जल की होती है। चाहे वह आचमन हो, स्नान हो या भोग, हर जगह शुद्ध जल चाहिए। जब नलों में ही कीचड़ वाला पानी आएगा तो सेवा कैसे होगी। इस बात को लेकर वैष्णव समाज में भी भारी चिंता है। लोगों का कहना है कि धाम में तो कम से कम जल शुद्ध आना चाहिए।

आखिर कहाँ से आ रहा है यह कीचड़ : अब सवाल यह उठता है कि आखिर नलों में यह कीचड़ वाला पानी आ कहाँ से रहा है। स्थानीय जानकारों के अनुसार इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। पहला कारण जल स्त्रोत में गंदगी जमा होना। दूसरा कारण पुरानी जर्जर पाइप लाइनों का लीकेज होना, जिससे मिट्टी पाइप में घुस जाती है। तीसरा कारण फिल्टर प्लांट की सफाई न होना। जलदाय विभाग लाखों रुपये खर्च कर पानी को साफ करने का दावा करता है, लेकिन आज सुबह के नजारे ने उन दावों की पोल खोल दी है।

दीपोत्सव से पहले प्रशासन की बड़ी परीक्षा : आपको बता दें कि नाथद्वारा में इन दिनों विश्व प्रसिद्ध पांच दिवसीय महादीपोत्सव की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। वल्लभ कुल शिरोमणि गोस्वामी तिलकायत महाराजश्री की आज्ञा और आधुनिक विकास के प्रणेता विशाल बावा साहब के दिशा निर्देश में पूरे मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। लाखों वैष्णव देश विदेश से नाथद्वारा आने वाले हैं। ऐसे में यदि पेयजल व्यवस्था ही खराब रहेगी तो बाहर से आने वाले यात्रियों के मन में नाथद्वारा की क्या छवि जाएगी। यह प्रशासन के लिए सबसे बड़ी परीक्षा की घड़ी है।

जिम्मेदार कौन, जवाबदेही किसकी

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि इसका जिम्मेदार कौन है। जलदाय विभाग, नगर पालिका या ठेकेदार। हर बार समस्या होती है, लोग शिकायत करते हैं, अखबारों में खबर छपती है, फिर दो दिन साफ पानी आता है और फिर वही स्थिति बन जाती है। लोगों को अब अस्थायी समाधान नहीं, स्थायी समाधान चाहिए।

स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर और जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाए। पूरे नगर की पाइप लाइनों को फ्लश किया जाए, फिल्टर प्लांट की तुरंत सफाई कराई जाए और जब तक साफ पानी नहीं आता, तब तक टैंकरों के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाए। ताकि लोगों को राहत मिल सके।

पंचायतीराज आम चुनाव 2026 : गांव की सरकार चुनने उत्साह के साथ किया मतदान

188 ग्राम पंचायतों में लोकतंत्र का उत्सव, शाम 6 बजे तक लगभग 75 फीसदी मतदान

उदयपुर, (पुकार)। पंचायतीराज आम चुनाव 2026 के तहत जिले में दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को जिले की 6 पंचायत समितियों की 188 ग्राम पंचायतों में पंच-सरपंच पदों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। गांव की सरकार चुनने को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। शाम 6 बजे तक करीब 75 फीसदी मतदान दर्ज हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने बताया कि द्वितीय चरण के तहत पंचायत समिति गोगुन्दा, बड़गांव, कोटड़ा, देवला, सुलाव तथा सायरा की कुल 188 ग्राम पंचायतों में पंच एवं सरपंच पदों के लिए शुक्रवार सुबह निर्धारित समय पर मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। परम्परागत रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और महिला एवं पुरुष मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया। कई स्थानों पर ग्रामीण अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान करने पहुंचे। वहीं, महिला मतदाताओं समेत प्रत्येक आयुवर्ग के मतदाताओं में मतदान को लेकर विशेष उत्साह नजर आया।

अंचल में शुक्रवार को मौसम अपेक्षाकृत ठण्डा रहा। आसमान में बादल छाए रहे तथा रूक रूक कर हवा भी चलती रही। दिन चढ़ने के साथ वातावरण सामान्य होता रहा। इससे मतदान केंद्रों पर भी भीड़ बढती रही। सुबह 10 बजे तक 16.33 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

इसके बाद मतदान की गति में तेजी आई और दोपहर 1 बजे तक जिले में कुल 45.34 प्रतिशत, अपराह्न 3 बजे तक 63.92 प्रतिशत तथा शाम छह बजे तक 74.56 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। शाम 6 बजे बाद तक भी कुछ बूथों पर मतदान जारी रहा। मतदान पूर्ण होने के साथ मतगणना का क्रम शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा।

बड़गांव पंचायत समिति रही सबसे आगे : बड़गांव पंचायत समिति क्षेत्र में शाम 6 बजे तक सबसे अधिक 82.35 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। वहीं देवला में 81.69 प्रतिशत, कोटड़ा में 79.54 प्रतिशत, सुलाव में 77.32 प्रतिशत, सायरा में में 67.39 प्रतिशत तथा गोगुन्दा में सबसे कम 64.91 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ।

महिलाओं ने अपार उत्साह : ग्रामीण परिवेश वाले इस चुनाव में महिला मतदाताओं की भागीदारी बेहद अनूठी रही। सुबह घर का कामकाज निपटाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं समूहों में मतदान केंद्रों पर पहुंचीं। घूंघट की ओट में कतारों में खड़ी महिलाओं का हौसला पुरुषों से कम नहीं था। उन्होंने गांव के विकास, पानी, बिजली और शिक्षा जैसे मुद्दों पर बेबाक होकर मतदान किया।

युवा, बुजुर्ग और दिव्यांगों का दिखा अनूठा जज्बा : पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदाताओं में अमिट स्याही लगवाने का गजब का क्रेज देखा गया। युवाओं ने वोट डालने के बाद उंगली पर लगी स्याही के साथ जमकर सेल्फी ली। वहीं, लोकतंत्र के इस उत्सव में शारीरिक कमजोरी भी आड़े नहीं आई।

कई केंद्रों पर बुजुर्ग अपने परिजनों के सहारे लाठी टेकते हुए बूथ तक पहुंचे। दिव्यांग मतदाताओं ने भी व्हीलचेयर और बैसाखियों के सहारे आकर मतदान किया और संदेश दिया कि देश और गांव के विकास में हर एक वोट की कितनी कीमत है।

एरोफ्लेक्स न्यु (NEU) लिमिटेड

(पूर्व में साह पोलिमर्स लिमिटेड़के नाम से जाना जाता था)
सीआईएॅन: एल२४२०१आरजे१९९२पीएलसी००६६५७
पंजीकृत कार्यालय: E-२६०-२६१, मेवाड औद्योगिक क्षेत्र, माद्री, उदयपुर, राजस्थान-३१३००३.
ई-मेल: info@aeroflexneu.com, वेबसाइट: www.aeroflexneu.com दूरभाष: ०२९४-२४९०५३४

३० सितंबर, २०२६ को समाप्त तिमाही और छमाही के अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सार

(राशि लाख रुपये में)

क्रम नं.	ब्योरा	तिमाही के अंतमें			छमाही समाप्त		साल (वर्ष) के अंतमें
		३०-०९-२०२६	३०-०६-२०२६	३०-०९-२०२५	३०-०९-२०२६	३०-०९-२०२५	३१-०३-२०२६
		अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखापरीक्षित
१	परिचालन से कुल आय	३,६५०.२६	२,८९१.४४	३,६१७.८५	६,५४१.७०	६,७३४.६७	१३,४१८.४५
२	कर और असाधारण मुद्दो से पहलेकी अवधि का शुद्ध लाभ	५१.१९	१८.१७	१०७.०३	६९.३६	२००.३२	३११.०९
३	कर से पहले और असाधारण मुद्दो के बाद की अवधि केलिए शुद्ध लाभ	(३९५.१४)	१८.१७	१०७.०३	(३७६.९७)	२००.३२	३०२.७३
४	कर के बाद और असाधारण मुद्दो के बाद की अवधि केलिए शुद्ध लाभ	(३९१.५५)	८.४२	१०६.८८	(३८३.१३)	१८८.०३	१७५.१३
५	अवधि केलिए कुल व्यापक आय (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)	(३९१.५५)	८.४२	१०६.८८	(३८३.१३)	१८८.०३	१७५.१३
६	इक्विटी शेयर पूंजी	२,५७९.६०	२,५७९.६०	२,५७९.६०	२,५७९.६०	२,५७९.६०	२,५७९.६०
७	पीछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दर्शाए अनुसार आरक्षित निधियां (पुनःर्मुल्यांकन आरक्षित निधि को छोडकर)	०.००	०.००	०.००	०.००	०.००	७,९३९.८६
८	प्रति शेयर आय (प्रत्येक ₹ १०/-) (निरंतर और बंद परिचालनों के लिए)						
	१. मूल निधि	(१.५१)	०.०३	०.४०	(१.४९)	०.७१	०.६८
	२. तनु निधि	(१.२७)	०.०२	०.३९	(१.२५)	०.७०	०.५७

नोट :
१. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई है और ३० अक्टूबर,२०२६ को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा इनकी सीमित समीक्षा भी की गई है और रिपोर्ट में ३० सितंबर,२०२६ को समाप्त तिमाही और छमाही केलिए उपरोक्त "परिणामों और टिप्पणियों" पर ऐसा कोई प्रभाव नहीं है जिसे स्पष्ट करने की आवश्यकता हो।
२ आय और व्यय की कोई असाधारण मदें नहीं हैं।
३. इंड-एएस १०८ 'ऑपरेटिंग सेगमेंट्स' केअनुसार खंड जानकारी ३० सितंबर,२०२६ को समाप्त तिमाही और छमाही केअलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों के अनुलग्नक-१ में प्रकट की गई है।
४. यह विवरण सेबी (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, २०१५ केनियम ३३ केअनुसार है।
५. फिबर्कोर्प पॉलीवेव प्राइवेट लिमिटेड, पूर्व में पूरी हिस्सेदारी केविनिवेश केबाद ०७/०९/२०२६ से कंपनी की सहायक कंपनी नहीं रही, जिसका विक्रय प्रतिफल ₹ १९२.१२ लाख था। इसे ध्यान में रखते हुए, चालू अवधि केसमेकित परिणाम पिछली अवधि केपरिणामों केसाथ पूरी तरह से तुलना योग्य नहीं हैं।
६. ३० सितंबर,२०२६ को समाप्त तिमाही और छमाही केएकल वित्तीय परिणाम नीचे संक्षेप में प्रस्तुत किए गए हैं और विस्तृत वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.aeroflexneu.com पर तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) और बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) की वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं, जहाँ कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं।

३० सितंबर, २०२६ को समाप्त तिमाही और छमाही के अलेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामों का सार

(राशि लाख रुपये में)

क्रम नं.	ब्योरा	तिमाहीके अंतमें			छमाही समाप्त	साल (वर्ष) के अंतमें	साल (वर्ष) के अंतमें
		३०-०९-२०२६	३०-०६-२०२६	३०-०३-२०२५	३०-०९-२०२६	३०-०९-२०२५	३१-०३-२०२६
		अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	अलेखापरीक्षित	लेखा परीक्षित
१	परिचालन से आय	२,८११.०८	२,२३३.७७	२,६८३.९१	५,०४४.८५	५,१६२.७०	१०,१२५.०९
२	कर से पहले लाभ/(हानि)	(३२२.७४)	८.८२	१०१.१०	(३१३.९२)	१४१.४१	२३३.८३
३	कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि)	(३२९.३३)	५.३४	१००.९४	(३२३.९९)	१३२.०९	११७.०४
४	अन्य समग्र आय	-	-	-	-	-	-
५	अवधि के लिए कुल समग्र आय	(३२९.३३)	५.३४	१००.९४	(३२३.९९)	१३२.०९	११७.०४

७. प्रति शेयर आय की गणना IND AS- प्रति शेयर आय के अनुसार की गई है।
८. ये समेकित वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट अर्थात् www.aeroflexneu.com पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) तथा बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) की वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं।

स्थान : उदयपुर
दिनांक : ३० अक्टूबर, २०२६

बोर्ड ऑफ़ डीरेक्टर्स के आदेश से
एरोफ्लेक्स न्यु लिमिटेड
हकिम सादीक अली तीडीवाला
पुर्णकालिक निर्देशक (डीआईएन: ००११९१५६)